दिन– शुक्रवार दिनांक–23/06/2017

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 3:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

एनडीए के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री कोविंद की ओर से नामांकन पत्रों के चार सेट दाखिल किये गये। उन्होंने लोकसभा महासचिव के कक्ष में जाकर अपना नामांकन पत्र भरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्री कोविंद के प्रथम प्रस्तावक बने। इस अवसर पर श्री कोविंद के साथ भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराज, एम. वेंकैया नायडु, अनंत कुमार, राधामोहन सिंह, नितिन गडकरी, लोजपा अध्यक्ष रामविलास पासवान उपस्थित थे।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

एनडीए के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति पद को राजनीति से ऊपर बताते हुये इस चुनाव के मतदाता मंडल के सदस्यों से समर्थन की अपील की है। श्री कोविंद ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारतीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति का पद सबसे गरिमा का पद है और वे इस सर्वोच्च पद की गरिमा बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एनडीए के घटक दलों तथा अन्य दलों के नेताओं को उन्हें समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त किया।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद ने आज कहा कि जनता दल यूनाइटेड ने राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार रामनाथ कोविंद को समर्थन कर राजनीतिक भूल की है। श्री प्रसाद ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि नीतीश कुमार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव के जातीय समीकरण साधने के लिए भाजपा ने रामनाथ कोविंद को आगे किया है। इधर, जदयू ने कहा है कि श्री कोविंद को समर्थन देने के फैसले पर दोबारा विचार नहीं किया जायेगा।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्टेशन पर प्रदर्शनकारी छात्रों ने आज जमकर हंगामा, तोड़फोड़ और आगजनी की। हंगामे के दौरान मची भगदड़ में एक महिला यात्री की मौत हो गयी। प्रदर्शनकारी रेलवे में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को नियमित करने की मांग कर रहे थे। उपद्रवियों ने स्टेशन पर आरक्षण और बुकिंग काउंटर, दूर संचार प्रणाली में जमकर तोड़फोड़ की और वहां एक पुलिस वाहन में आग लगा दी। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा और हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

पुलिस ने तेरह लोगों को गिरफ्तार किया है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेलवे के राजगीर–दानापुर रेलखंड पर कई ट्रेनों को अलग–अलग स्टेशनों पर रोक दिया गया है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

केन्द्र सरकार ने आज स्मार्ट सिटी की चौथी और आखिरी सूची जारी कर दी है। सूची में बिहार की राजधानी पटना और मुजफ्फरपुर शामिल है। केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री एम वेंकैया नायडु ने सूची जारी करते हुए कहा कि इस बार अठारह राज्यों के तीस शहरों को इस परियोजना के तहत शामिल किया गया है। श्री नायडु ने कहा कि इस सूची में शामिल शहरों के लिए सत्तावन हजार तीन सौ तिरानवे करोड़ रुपये उपलब्ध कराये जायेंगे। केन्द्र सरकार की महत्वांकाक्षी स्मार्ट सिटी परियोजना का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण जीवन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचना के विकास और पर्यावरण के उच्च मानकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

चर्चित अलकतरा घोटाले के दूसरे मामले में पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री इलियास हुसैन को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है। इससे पूर्व भी एक अन्य मामले में श्री हुसैन को विशेष अदालत ने पिछले महीने बरी कर दिया था।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सी.बी.एस.ई. ने एम.बी.बी.एस. और डेंटल कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा, नीट का परिणाम आज घोषित कर दिया है। इस वर्ष की परीक्षा में बारह लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा परिणाम सी.बी.एस.ई. की आधिकारिक वेबसाइट– डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीबीएसई रिजल्टस डॉट एनआईसी डॉट इन पर देखा जा सकता है। इसके अलावा सीबीएसई नीट डॉट एनआईसी डॉट इन पर भी परीक्षार्थी परिणाम देख सकते हैं।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

रमजान के मुबारक महीने का आज अंतिम जुमा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखी गयी। इसके साथ ही प्रदेश में ईद की तैयारियां जोर–शोर से शुरू हो गयी है। बाजारों में खूब रौनक और चहल–पहल देखी जा रही है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

प्रदेश के उत्तरी हिस्से में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर जिले के रेवाघाट में सबसे अधिक आठ सेंटीमीटर बारिश हुई है। वहीं, सरैया और समस्तीपुर में सात–सात सेंटीमीटर जबकि रामनगर में पांच सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मखदुमपुर, गोपालगंज और मोरवा में चार–चार सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गयी।

अगले चौबीस घंटे के मौसम पूर्वानुमान में राज्य के अधिकतर हिस्सों में आसमान में बादल छाये रहने और बारिश की संभावना जतायी गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा और इसकी सहायक नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश होने से हाथीदह, कहलगांव और साहेबगंज में जलस्तर में बढोतरी दर्ज की गयी। वहीं, नेपाल से निकलने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण बूढ़ी गंडक, बागमती, अधवारा समूह और कोसी नदी के जलस्तर में भी कई स्थानों पर बढोतरी हुई है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><